हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 सितंबर 2025

06 सड़कें हुईं जलमग्न, कॉलोनियों के साथ निचली...



07 एकत्व में शान्ति ही जीवन में कल्याणकारी : निर्भय सागर





## खबर संक्षेप में

### गुरुकुल के छात्रों का राज्य स्तर के लिए चयन

**नलखेड़ा।** स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों का खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। संभाग स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स में रिले रेस में गुरुकुल के छात्र भानुप्रताप भगवत मल्डावदिया भव्यराज सिंह रोशन कटारिया और अभिषेक प्रजापति का चयन राज्य स्तर पर खेलने के लिए हुआ है। छात्रों ने विकासखंड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपन स्थान बनाया है। विद्यालय की खेल शिक्षिका रुक्मणि पांचाल के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा अपन हुनर राज्य स्तर पर दिखाया जाएगा। राज्य स्तर पर चयन होने पर विद्यालय परिवार द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### धान उपार्जन के पंजीयन 15 सितंबर से होंगे प्रारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार धान उपार्जन का पंजीयन 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा। धान उपार्जन के लिए किसान अपना पंजीयन लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे, तहसील स्थित सुविधा केंद्र, ग्राम एवं जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान एप के माध्यम से करा सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विकय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा तथा किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, (विगत 6 माह से क्रियाशील न हो) संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल पेटीएम, एवं नाबालिग बैंकखाता पंजीयन में मान्य नहीं होंगे।

### पिछले 24 घंटे में 34.6 मिलीमीटर औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 34.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 22.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 55.0, आष्टा में 36.0, जावर में 33.0, इछावर में 20.0, भैरूंदा में 34.0, बुधनी में 30.5, रेहटी में 45.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कुंडालिया बांध के खोले 8 गेट, पेड़ व मकान धराशायी

# नलखेड़ा क्षेत्र में झमाझम बारिश से नदी-नाले व डेम उफान पर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गुरुवार को शाम से देर रात तक हुई झमाझम बारिश से नगर सहित क्षेत्र के नदी नाले व डेम उफान पर आ गए। कुंडालिया बांध के 8 गेट खोले गए। वहीं नगर में एक वटवृक्ष व एक मकान धराशायी हो गया। गुरुवार शाम से नगर सहित क्षेत्र में प्रारम्भ हुई झमाझम वर्षा देर रात्रि तक जारी रही वही गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात भी कभी तेज तो कभी हल्की वर्षा का दौर जारी रहा। झमाझम वर्षा से देखते ही देखते नगर सहित क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए। कई नालों की पुलिया के ऊपर पानी आ गया। नगर में मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित नाला भी उफान पर आ गया जिसका पानी पुलिया के ऊपर से तड़के तक बहता रहा। लगातार वर्षा से कुंडालिया बांध के संग्रहण क्षेत्र में जल भराव का स्तर बढ़ने से इस वर्ष पहली बार



गेट खोले गए। रात्रि में जहाँ डेम के 5 गेट खोले गए थे वही शुक्रवार सुबह 3 गेट और खोले गए। शुक्रवार को डेम के कुल 8 गेट खोले गए।

तहसील क्षेत्र में लगातार बारिश का क्रम जारी है इसी के चलते क्षेत्र में नदी - नालों में जल स्तर बढ़ गया है वहीं माँ बगलामुखी के पीछे बहने वाली लखुंदर नदी का जलस्तर भी बढ़ गया। बताया जाता है कि नलखेड़ा के गोठड़ा व राजगढ़ की सीमा पर स्थित कुण्डलिया बांध स्टोरेज क्षमता से 93% तक पूरी तरह से भर गया है। इसके चलते बांध के 8 गेट खोल दिए है। तथा इससे प्रभावित क्षेत्र के निवासियों को अलर्ट भी किया गया और वही प्रशासन मुस्तेदी से निगरानी में लगा हुआ है। ग्राम गोठड़ा व राजगढ़ जिले की तहसील जीरापुर के बीच कुंडालिया बांध परियोजना के अंतर्गत कालीसिंध नदी पर बनाए गए इस बांध का कैचमेंट एरिया 4925 वर्ग किलोमीटर और डूब क्षेत्र एरिया 4776 वर्ग किलोमीटर है। वहीं आगर व राजगढ़ जिले के 400 गांवों में इस डैम से सिंचाई के लिए वाटर सप्लाई का कार्य भी किया जाता है। इसी के साथ इस बांध में उद्योगों के लिए वाटर सप्लाई के लिए भी पानी रिजर्व रखा जाता है। भारी बारिश के चलते डेम अधिकारियों ने आठ गेट खोलने की बात कही है डेम में कुल 12 गेट है।

#### 500 वर्ष प्राचीन वटवृक्ष गिरा

झमाझम वर्षा से नगर के वार्ड 13 में स्थित मठ में लगभग 500 वर्ष प्राचीन एक वटवृक्ष गिर गया जिससे एक मकान की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं इसी वार्ड में एक कच्चे मकान का कुछ हिस्सा भी धराशाही हो गया। शुक्रवार को भी झमाझम वर्षा का दौर जारी रहा। प्रातः 11 बजे बाद भी लगभग 15 मिनिट झमाझम वर्षा हुई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुवे 24 घंटे में तहसील में 56 मिमी (2.20 इंच) वर्षा दर्ज की गई। जिसे मिलाकर 860 मिमी (33.85 इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

### शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया

# शिक्षकों का सम्मान कर मनाया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर के विवेकानंद कॉलोनी में स्थित न्यू सहारा पब्लिक हाई स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड शिक्षक विष्णु प्रसाद त्रिवेदी एवं विशेष अतिथि रिटायर्ड शिक्षक रमेश चंद्र राठौर रहे। कार्यक्रम में शिक्षक सम्मान पर उद्बोधन देते हुए शिक्षकों के महत्व को विभिन्न कहानी व उदाहरण के माध्यम से बच्चों को शिक्षक का महत्व बताया गया। इसके पश्चात शिक्षकों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। तत्पश्यात विद्यालय सचिव एवं व्यवस्थापक सुरेश चावड़ा एवं मनोज त्रिवेदी एवं प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा अतिथियों का शाल, श्रीफल, कलम व भगवान राम लला की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया, साथ ही कक्षा पहली से 10वीं तक के छात्र छात्राओं ने अपने अपने कक्षाचार्य एवं विषयचार्य को कलम भेंट कर एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

अतिथि उद्बोधन में अतिथि रमेश चंद्र राठौर द्वारा बच्चों से मनोरंजन एवं जनरल नालेज के सवाल पूछे गए जिसमें उत्तर देने वाले प्रत्येक 10 वी के छात्र, छात्राओं को 100-100 रुपए नकदी देकर बच्चो को प्रोत्साहित किया गया। इसी प्रकार विष्णुप्रसाद त्रिवेदी बच्चो को अर्जुन द्रोणाचार्य की कहानी के माध्यम से अपने लक्ष्य तय करने व सफलता हासिल करने की बात कही गई एवं कक्षा 10वीं में नगर में प्रथम आने वाले छात्र छात्रा को उनकी ओर से 2100 रुपए नकदी देने की घोषणा की गई। मनोज त्रिवेदी द्वारा बच्चो कहानी के माध्यम से बच्चो को सकारात्मकता के ऊपर बाते बताई गई एवं प्राचार्य महोदय द्वारा बच्चो को गुरु शिष्य परंपरा एवं जीवन में गुरु का महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान, उपहार दिए






**कानड़।** नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल कानड़ में शिक्षक दिवस पर छात्रों द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक व समाजसेवी कन्हैयालाल बीजापारी ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सरस्वती वंदना अवनि दुबे, गरिमा त्रिवेदी ,जेविका शर्मा ने प्रस्तुत की। अतिथि परिचय प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा ने कराया। छात्रों ने अपने शिक्षकों को



सम्मान स्वरुप आकर्षक उपहार व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। संस्था द्वारा भी समस्त शिक्षकों को आर्कषक गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

वहीं बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले छात्र व शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षको को भी आर्कषक गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं के छात्र शुभम पटेल, अंजली आर्य, स्वस्ति आर्य,प्राची पाठक, कुमकुम बीजापारी, अर्पिता बरेठा, शानू गुर्जर, आयुष बीजापारी, विनोद कछावा, राजेश जायसवाल ने शिक्षकों के लिए आकर्षक गेम आयोजित कर उनको गिफ्ट दिया। शिक्षकों के सम्मान में बच्चों ने शानदार रिकाडेक्शन नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथि उद्बोधन के अलावा रानू फुलेरिया, अजमत शिशगर, भव्या सूर्यवंशी, कविता चौहान ने डॉ. राधाकृष्णन के प्रेरक प्रसंगो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष जीवनप्रसाद शर्मा, दिलीप पड़िहार, विपिन कुमावत, गौरव चावड़ा व बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

# गणेश जी को छप्पन भोग लगाकर की महाआरती



**नलखेड़ा।** दस दिवसीय गणेशोत्सव अंतर्गत नगर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार रात्रि को झमाझम वर्षा में सरदार पटेल चौराहे पर साईंनाथ धर्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेशोत्सव में भगवान गणेश को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

# नगर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया, जुलूस निकला

**नलखेड़ा।** नगर में शुक्रवार को पैगाम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। ईद मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा सुबह 9 बजे जामा मस्जिद मेवाती मोहल्ला से विशाल जुलूस शुरू हुआ जो ठाकुर मोहल्ला, हनुमान मंडी , चोक बाजार, गणपति चोराहा, शिवजी चोराहा बस स्टैंड, माँ बगलामुखी रोड, नयापुरा से चोक बाजार होते हुए पुनः ठाकुर मोहल्ला पहुंचा। यहां मदरसा परिसर में दुरूद और सलाम के बाद दुआ के साथ जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में छोटे छोटे बच्चे पैगम्बर साहब पर दुरुदो सलाम और नात(भक्ति गीत) पड़ते हुए चल रहे थे। जुलूस का विभिन्न स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा और मिठाई वितरित कर स्वागत कीया गया। समापन अवसर पर दुआ में जामा मस्जिद मेवाती मोहल्ला के इमाम मौलाना जुबेरुल क़ादरी मिस्बाही ने मुल्क में अमन शांति और भाईचारे की दुआ की गई, विशेष रूप से मुल्क के मौजूदा हालात पर मुल्क को बुरी नजर से महफूज़ रखने की दुआ की गई। दुआ के बाद ईद मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा समाजजनों को मिठाई वितरित की गई। जुलूस में मुख्य रूप से शहर क़ाज़ी, शहर सदर और सभी मस्जिदों के इमाम बघ्घीयों में सवार होकर चल रहे थे। जुलूस में प्रशासन की और से एसडीओपी देवेंद्र यादव, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव सहित प्रशासनिक अमला व्यवस्था सम्भाले हुए थे।

### पर्व के नवम दिवस पर उत्तम आकिंचन धर्म पर हुए प्रवचन...

# किंचित की आंकाक्षा छूट जाएगी तब आकिंचन धर्म आएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



आत्मा को छोड़कर हमारा कुछ भी नहीं है, ऐसा सोचना ही आकिंचन धर्म है। लेकिन हम पर द्रव्यों में ही लीन है। वस्तु का योग आने पर ही हमें वहां प्राप्त होगी। जो प्राप्त है वही प्राप्य है। धन के पीछे भागोगे तो धन ही आपके पास से भाग जाएगा। धन के पीछे मत भागो धर्म के पीछे भागो। किंचित की आकांक्षा छूट जाएगी तब आकिंचन धर्म आएगा। हमें पुण्य तो मिला पर इस पुण्य को हम भोग विलास में लगा रहे हैं।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चल रहे पर्वधिराज पर्युषण पर्व के नवम दिवस उत्तम आकिंचन धर्म पर प्रकाश डालते हुए अपने प्रवचन में मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनिश्री विश्व नायक महाराज ने यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि जहां पर पदार्थों से अहंकार का भी त्याग हो जाता है वह आकिंचन धर्म है। 14 प्रकार का अंतरंग परिग्रह व 10 प्रकार का बाहरी परिग्रह का त्याग ही आकिंचन धर्म है। 24 प्रकार के परिग्रह का त्याग ही आकिंचन त्याग है। न कषाय न नौ कषाय सभी त्याग हो जाता है तो सिद्ध पद की प्राप्ति हो जाती है। न किसी के पति कोई राग न द्वेष शेष रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे अनेक भव हुए। अनेक पति-पत्नी हो गए लेकिन उनके प्रति कभी राग भाव न रहता हो उसे आकिंचन धर्म कहते हैं। अर्थात किसी भी व्यक्ति या वस्तु के प्रति थोड़ा भी ममत्व भाव नहीं रहना चाहिए।

मुनिश्री ने बताया कि आचार्य शांति सागर जी का विहार चल रहा था रास्ते में लोगों ने फूल व अन्य सामग्री से स्वागत किया। उनके विहार में एक ब्राह्मण भी चल रहा था उसने अपनी कुटिया दिखाई और पूछा कि गुरुदेव हमारी कुटिया कैसी है। आचार्य श्री ने कहा कि है ब्राह्मण देव आपने परिवार छोड़कर यहां जंगल में कुटिया बनाई लेकिन उस कुटिया से राग नहीं छोड़ा। पर्युषण पर्व में हमें सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहिए लेकिन लोग पर्युषण पर्व के पूर्व ही अनेक वस्तु का संग्रह करने लगते हैं। त्याग की बजाय लोग परिग्रह करने लगते हैं। संसार के प्रति आसक्ति होना मूर्छित भाव है। पत्नी का वियोग होने के बाद भी उसमें राग रखकर लंबे काल तक आसक्ति रखना ही मूर्छित भाव है। इस ममत्व भाव को हमें छोड़ना है। हमारे घर वैभवशाली हैं, इस प्रकार के अहंकार भाव व मूर्छित भाव को छोड़ना ही आकिंचन भाव है।

मुनि श्री ने कहा कि हमारे विशाल भवन, गाड़ी, घोड़े सभी एक दिन छूटने वाले हैं। सभी मिट्टी, ईट, सीमेंट के बने है। सब नश्वर है। इनसे ममत्व भाव छोड़ना ही आकिंचन धर्म है। हम बाहर की कुटिया, महल तो छोड़ दे लेकिन अंदर बसे महल, मकान, कुटिया इनको जलाना होगा। उसी प्रकार हम वस्तुओं का त्याग तो कर देते हैं। लेकिन आंतरिक मन से उनके प्रति ममत्व भाव नहीं जाता है। व्रत और उपवास के समय बाहर से तो खाने-पीने की वस्तुओं का त्याग कर देते हैं। लेकिन शादी पार्टी के निमंत्रण को पाकर हम आसक्ति भाव नहीं छोड़ पा रहे हैं। त्याग के साथ आसक्ति का भी त्याग करना चाहिए।

### सोयाबीन की फसल बर्बाद होने पर टूटी किसान की उम्मीदें

**सीहोर।** ग्राम भैसाव नागिन में किसान प्रेम नारायण की तीन हेक्टेयर भूमि पर बोई गई सोयाबीन की फसल अधिक वर्षा, पानी भराव, कीटनाशक असर और पीला मोजेक बीमारी से पूरी तरह बर्बाद हो गई। अपनी बर्बाद फसल देखकर किसान खेत में कीचड़ में लोटपोट होकर फूट-फूट कर रोने लगा। किसान का कहना है कि उस पर नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक का दो लाख रुपये का कर्ज है, जिसे वह अब चुका नहीं पाएगा। सोयाबीन की फसल का बीज भी कर्ज लेकर बोई गई थी वह भी मैं कैसे दे पाऊंगा न तो उसे फसल बीमा की राशि मिली और न ही किसी अधिकारी ने उसकी फसल का सर्वे किया। लगातार पांच साल से खराब हो रही फसल से किसान हताश हो चुका है और अपने बच्चों का पेट कैसे भरे, यह सोचकर निराशा में डूब गया। उसका रोता-बिलखता वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने सरकार और बीमा कंपनियों से किसानों की तत्काल मदद करने की अपील की है।

## कार्यालय नगरपरिषद् सोयतकलाँ, जिला-आगर (मालवा) (म.प्र.)

कार्यालय फोनः 07361-232039 ई-मेल पताःcmosoyatkala@mpurban.gov.in

क्रमांक / निर्माण/न.प./2025/1195-1996 सोयत, दिनांकः 25/08/2025

:: प्रथम एवं द्वितीय निविदा सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mpetender.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि | निविदा प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 447421_1 Date 28.08.2025 (10.30) AM | वार्ड क्र.04 टेंचिग ग्राऊण्ड पर एम आर एफ एवं कम्पोस्ट प्लांट निर्माण कार्य | 1. 06 माह 2. 4370345 | 1. 5000/- 2. 32778/- | 27.09.2025 (17.30) PM | प्रथम |
| 2 | 2025_UAD_ 447429_1 Date 28.08.2025 (10.30) AM | विशेष निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 01 कंवर महाराज से पाठशाला रोड़ तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 1. 06 माह 2. 4790422 | 1. 5000/- 2. 35928/- | 11.09.2025 (17.30) PM | द्वितीय |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetender.gov.in/ की वेबवाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारी/परिषद को रहेगा।

अनुराधा कुवंर विजयपाल सिंह जादौन
अध्यक्ष, नगर परिषद सोयतकलाँ

मनोज कुमार नामदेव
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सोयतकलाँ

**खबर संक्षेप**

## जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष चौहान ने किया कार्यभार ग्रहण




**देवास।** युवा कांग्रेस से लेकर लगातार किसने की समस्याओं से लड़ने वाले जुझारू नेता के रूप में विश्वजीत सिंह चौहान के जिले में पहचान है अभी जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं निश्चित रूप से किसानों की आवाज और जोर तरीके से उठाएंगे और किसानों को न्याय दिलाएंगे उक्त विचार पूर्व विधायक एवं इंदौर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने विश्वजीत सिंह चौहान की कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे इसी के साथ कहा कि आने वाले वर्षों के जनपद जिला पंचायत विधानसभा के चुनाव में विश्वजीत सिंह चौहान की भूमिका निश्चित रूप से काम आएगी और एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार राहुल गांधी जी के नेतृत्व में बनेगी। इसी के साथ जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर, तंवर सिंह चौहान, राजेंद्र मालवीय, रेखा वर्मा, भगवान सिंह चावड़ा, प्रवेश अग्रवाल, पुर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष अशोक कप्तान, विक्रम मुकाती, ज्ञान सिंह दरबार, जनपद अध्यक्ष मुकेश पटेल, रामेश्वर गुर्जर, पोप सिंह पवार, प्रेम पटेल, रितेश त्रिपाठी, अनिल गोस्वामी, दौलत पटेल इंदौर, विक्रम पटेल, सूरज सिंह चावड़ा साहित वक्ताओं ने विश्वजीत सिंह चौहान को बधाई देते हुए कहा कि किसान कांग्रेस को युवा अध्यक्ष मिला है निश्चित रूप से किसने की आवाज बन कर किसानों को न्याय दिलाएंगे इसकी पूर्व भी चौहान ने लैंड पुलिंग योजना का पुरजोर विरोध किया था। कर्ज माफी, खाद, बीज, बिजली जैसे अनेक मुद्दों पर किसानों के हक में लड़ाई लड़ी है। इस बार वह और मजबूती से उभर कर काम करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया।

भारी बारिश के अलर्ट के बाद दो घंटे जमकर बरसे बदरा, शहर हुआ पानी-पानी

# सड़कें हुईं जलमग्न, कॉलोनियों के साथ निचली बस्तियों के घरों में जा घुसा पानी





### शहर में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने से लगातार तेज बारिश का दौर जारी, शुक्रवार को हुई लगभग 2 इंच वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मौसम विभाग ने प्रदेश के 20 जिलों में तेज बारिश की चेतावनी दी हुई है। इस बीच प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने से लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। देवास भी उससे अछूता नहीं रहा। शुक्रवार सुबह से ही मध्यम बारिश जारी रही जो दोपहर होते-होते तेज बारिश में बदल गई। दोपहर को बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ भारी बारिश हुई। तेज बारिश का दौर लगभग दो घंटे जारी रहा। जानकारी अनुसार यह सीजन की सबसे तेज बारिश मानी जा रही है। शुक्रवार को हुई लगभग 2 इंच वर्षा का होना आंका जा रहा है। दोपहर 1.30 बजे शुरू तेज बारिश अगले दो घंटे तक जारी रही। उसके बाद बारिश की रफ्तार थोड़ी थमी। देर शाम खबर लिखे जाने तक बारिश का दौर रुक रुक कर जारी रहा। मौसम विभाग ने देवास जिले में येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। भारी बारिश के अलर्ट के बाद शहर में दो घंटे जमकर बदरा बरसे। मूसलाधार बारिश के बाद सड़के जलमग्न हो गई। शहर की मां गायत्री विहार कालोनी में 30 फिट ऊंची दीवार गिर गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

### दो घंटे की बरसात से तालाब बनीं सड़कें

लगभग दो घंटों की तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर सड़के जलमग्न हो गई। सड़के पर तालाब जैसी स्थिति निर्मित हो गई। शहर के व्यस्तम मार्ग एमजी रोड़ पर पानी भरने से यातयात प्रभावित हुआ। मुख्य सड़को के साथ कालोनियों की सड़को पर भी पानी बह निकला। इस सीजन में पहली बार इतनी तेज बारिश देखी गई। खारी बावड़ी क्षेत्र में तेज पानी के तेज बहाव के सवारी ऑटो बहने लगा जिसे रहवासियों की मदद से बचाया गया।

### कॉलोनियों में हुआ जल भराव

तेज बारिश के कारण अधिकतर निचली कालोनियों में पानी भर गया। कई नई कालोनियों में पानी घर के ओटलों तक पहुंच गया। वही निचली बस्तियों में पानी घरों में घुस गया। निगम द्वारा सीवरेज शुरू करने के बाद कालोनियों की नालियां बंद कर दी गई थी। बारिश के तेज बहाव के पानी को निकलने के लिए बड़े नालों को आवयश्कता होती हैं जिन पर कई कालोनियों के मालिकों ने कब्जा कर निर्माण कर लिया है। कालोनियों में पानी भर जाने के बाद सोशल मिडिया पर आमजन नगर निगम को कोसते नजर आए।

### मेंढकी रेलवे अंडर ब्रिज डूबा

लगातार बारिश के कारण देवास के मेंढकी रोड अंडर ब्रिज पर करीब 4 फीट तक जल जमाव हो गया। ब्रिज पर पानी भरे जाने की स्थिति में संपर्क हेतु नंबर लिखे हुए हैं, जिस पर कॉल करने पर कोई अन्य व्यक्ति द्वारा फोन उठाया गया और कहा गया कि यह नंबर किसी ने गलत लिख दिया है, यह ब्रिज पानी भरे जाने संबंधी नंबर नहीं है अंडर ब्रिज पर आवागमन खबर लिखे जाने तक बंद था।





### जिला अस्पताल की लैब में घुसा पानी

जिला अस्पताल की ओपीडी कक्षों के बाहर जल जमाव की स्थिति बनी। तेज बारिश में अस्पताल में पानी भर गया। ओपीडी कक्षों के साथ लेब के सामने भी पानी भर गया। ऐसे में ब्लड सैंपल देने जा रहे मरीजों को परेशानी हुई। लेब के अंदर भी पानी भर गया। लेब के पीछे नई बिल्डिंग का निर्माण होने से पानी की निकासी की समस्या उठ खड़ी हुई है। तेज बारिश के दौरान लेब में पानी भर जाता हैं। जिससे लेब स्टाफ को परेशानी होती हैं, पानी भरने से लेब में रखी मशीनों के खराब होने का खतरा भी बना रहता हैं।

# सेन थॉम एकेडमी में ओणम और ईद मिलाद-उन-नबी के साथ-साथ शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड में छात्रों और शिक्षकों ने ओणम, ईद मिलाद-उन-नबी और शिक्षक दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मिलकर मनाया। यह दिन बहुत जीवंत और स्मरणीय रहा। ओणम उत्सव में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ एवं एक मनमोहक नाटक का मंचन किया गया, जिसमें दानवीर राजा महाबली और उनके प्रतिवर्ष घर लौटने की कथा को प्रस्तुत किया गया। पूरे परिसर में उत्सव का उल्लास और सांस्कृतिक गौरव की भावना व्याप्त रही।ईद मिलाद-उन-नबी का आयोजन श्रद्धा और इबादत के साथ किया गया। छात्रों ने एक सार्थक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब की महान शिक्षाओं—दयालुता, ईमानदारी, सम्मान और क्षमा—को उजागर किया गया। ये मूल्य आज भी संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन करते हैं।कृतज्ञता की भावना को और प्रबल करते हुए, शिक्षक दिवस का आयोजन हेड बॉय, हेड गर्ल और छात्र परिषद के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने पूरे आयोजन का उत्तरदायित्व संभाला और यह सुनिश्चित किया कि शिक्षक स्वयं को विशेष और महत्वपूर्ण अनुभव करें। प्रबंधन ने भी इस अवसर पर सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं, जिससे यह दिन और भी स्मरणीय बन गया।इन संयुक्त उत्सवों ने विद्यालय की एकता की भावना, विविधता के प्रति सम्मान और उन मूल्यों की सराहना को प्रतिबिंबित किया, जो परंपरा और आधुनिक जीवन दोनों को समृद्ध बनाते हैं।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में सीरत कमेटी की नेतृत्व में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे मस्जिद कस्साबान पुराना बस स्टैंड से, काजी इरफान अहमद अशरफी मुख्य काजी देवास सीनियर एवं काजी नौमान अहमद अशरफी तथा काजी अब्दुल कलाम फारुकी देवास जुनियर की उपस्थिति में जश्न- ए- ईद मिलादुन्नबी का जुलूस प्रारंभ हुआ। फातिहा खानीं के बाद जुलूस पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर जवाहर चौक, नयापुरा, नाहर दरवाजा, पठान कुआं, बड़ा बाजार से रज्जब अली मार्ग ,नयापुरा ,शालिनी रोड जनता बैंक,मदीना मस्जिद, रंगरेजान मस्जिद ,अखाड़ा रोड, माली मोहल्ला खारी बावड़ी, शांतिपुरा, इस्लामपुरा, तहसील चौराहा ,बजरंगपुरा ,नावेल्टी चौराहा, अलंकार चोराहा, शुक्रवारिया हाट, पीठा रोड , जयप्रकाश मार्ग, तीन बत्ती चौराहा ,सुभाष चौक से मस्जिद कस्साबान दोपहर 3. 30 बजे पहुंचा जहां। फातिहा खानीं के बाद लंगर का आयोजन किया गया। तबर्रुक प्रसाद में वितरण किया गया। जुलूस वाले मार्ग पर जगह-जगह राजनीतिक समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं द्वारा मंच बनाकर काजी साहबान का इस्तकबाल,स्वागत किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसी बीच शालिनी रोड पर जुलूस निकलते समय दोपहर 1.30 बजे के दरमियान भारी बारिश शुरू हुई बारिश के बीच भी जुलूस जारी रहा। स्थानीय तीन बत्ती चौराहा मंच पर जुलूस पहुंचने पर मोहर्रम कमेटी देवास के अध्यक्ष हाजी लियाकत हुसैन मिलन के नेतृत्व में काजी इरफान अहमद अशरफी, काजी नोमान अहमद अशरफी, एवं मुफ्ती साहब आदि गणमान्य जन का इस्तकबाल किया गया। जश्न -ए- ईद मुबारक के मौके पर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर 1500 वा उत्साह के साथ शांति और सद्भावना पूर्वक जुलूस निकाला।

मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अधिवेशन के दौरान निर्वाचन भी आयोजित हुआ

# निर्वाचन में विजयवर्गीय प्रदेश के महामंत्री हुए मनोनीत







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार को म.प्र. कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ का 8 वां प्रदेश अधिवेशन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल साकेत की अध्यक्षता में मां चामुण्डा की नगरी देवास में संपन्न हुआ। भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश के महामंत्री माखन सिंह धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम मुख्य अतिथि म.प्र. शासन के श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, विधायक गायत्री राजे पवार, संरक्षक शैलेन्द्र अग्रवाल, बीएमएस संगठन मंत्री निरंजनसिंह, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष विश्राम मालाकार, मध्यप्रदेश प्रभारी जंगबहादुर, भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष सहप्रभारी भवन निर्माण दिनेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह, पूर्व महामंत्री लक्ष्मीनारायण मारू, बिजली महासंघ सुशील कुमार पांडे, भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड, निलेश जाटव, राजू लोधी, अजय उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन सत्र में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें आगामी तीन वर्षीय नवीन कार्यकारिणी का प्रस्ताव चुनाव अधिकारी के पास रखा गया।

प्रस्तावित नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. प्रदीप पाठक, कार्याध्यक्ष बाबूलाल साकेत, उपाध्यक्ष अर्चना गौड़, उपाध्यक्ष अशोक चौहान, विजय दुबे, लालजी मरावी, रामविलोचे, कन्धीलाल बुनकर, महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, संयुक्त महामंत्री शंकर शर्मा, संगठन मंत्री मधुसूदन गुरू, मंत्री सुनील यादव, मनीष शर्मा, हरीश यादव, यामिनी नाग, मीरचंद साहू, कोषाध्यक्ष निलेश नागर, विधि सलाहकार सालिगराम राजपूत, कार्यालय मंत्री सचिन सेन, सदस्य जनकलाल सोनी, संजय मेहरा, आनंद पाखरसर चुने गए। कार्यक्रम में कार्यक्रम में भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश के अध्यक्ष अशोक चौहान, पीथमपुर महामंत्री माखन सिंह धाकड़, प्रवीण वैष्णव, श्रीराम कुमावत, मोंटी जाधव, अशोक पोरवाल, कैलाश पटेल, अजय विजयवर्गीय, सुनीता गिरी, उर्मिला रमेश करंजिया का योगदान रहा। संचालन महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय ने किया तथा आभार भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने माना। निर्वाचन में चुने गए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# शिक्षक दिवस पर भैया-बहिन बने आचार्य-दीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस के अवसर पर भैया बहनों ने आचार्य दीदी बनकर विद्यालय को नई दिशा दी तथा बहिन प्राची लुनिया ने प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाला एवम लेखपाल पूजा दीदी द्वारा विद्यालय का वित्तीय लेखा-जोखा बताया गया। जिन भैया बहनों का शुल्क बाकी है उनको फोन भी लगाया गया। सभी आचार्य दीदी ने सभी कक्षाओं को पढ़ाया तथा कक्षा संभाली। विद्यालय में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को तिलक लगाकर तथा द्वीप प्रज्जवलित करके की गई एवं सभी भैया बहनों द्वारा आचार्य परिवार का स्वागत किया गया एवं उनका आभार व्यक्त किया गया। साथ ही भैया बहनों द्वारा आचार्य परिवार को उपहार में पेन एवं चॉकलेट इत्यादि दिए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सांवलिया द्वारा भैया बहनों को पौराणिक कथाओं के अनुसार गुरु शिष्य परंपरा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बहिन श्रेया धनगर द्वारा किया गया। आचार्य के रूप में भैया विकास लुनिया एवं कृष्ण व्यास बने। दीदी के रूप में बहिन फुलकुवर लूनिया, दिव्या लुनिया, वंशिका सिटोला आदि बने।

## पर्यूषण पर्व में आचार्य श्री ने कहा-आकिंचन धर्म ही शाश्वत शरण

# एकत्व में शान्ति ही जीवन में कल्याणकारी : निर्भय सागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पर्मूषण पर्व पर श्री पार्श्वनाथ दि० जैन अटा मंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने कहा आकिंचन्य धर्म आत्मा की उस दशा का नाम है जहां बाहरी राग छूट जाता है किन्तु आंतरिक संकल्प विकल्पों की परिणति को भी विश्राम मिल जाता है। बाहरी वस्तुओं के त्याग के बाद भी मन में मैं और मेरे धन का भाव निरंतर चलता रहता है और मुक्ति की यात्रा नहीं कर पाती है। आधा का धर्म जीवन की यात्रा को एकांकी आगे बढ़ाने का धर्म है जिसमें अपने और पराए का भेद समझकर निर्विकल्प एकांकी आत्मा की अनुभूति में उतरना पड़ता है। उन्होंने कहा एकल में शान्ति और अनेकत्व में अशान्ति है। एकाकीपन में आनंद की अनुभूति होती है वही आत्मकल्याण में साधक हैं। धर्म सभा का शुभारम्भ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज, आचार्य अभिनंदनसागर, महाराज आचार्य विपुल सागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्वालित कर श्रेष्ठीजनों ने किया। प्रारम्भ में तत्वार्थसूत्र का वाचन आचार्य संघ के सानिध्य में हुआ। प्रातःकाल आचार्य श्री के सान्निध्य में श्रावकों को ध्यान की साधना कराई। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉक्टर अक्षय टड़या अशोक देलवारा , राजेन्द्र जैन थनवारा,मनोज जैन बबीना, अजय जैन गंगचारी,सतीश नजा,शीलचन्द्र अनोरा,मीडिया प्रभारी अक्षय अलया ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर अनन्त चतुर्थी पर आयोजित कार्यक्रम हेतु आशीर्वाद लिया। धर्मसभा का संचालन महामंत्री डा० आकाश जैन करते हुए बताया कि पर्यूषण पर्व के समापन पर 6 सितम्बर को प्रातकाल आचार्यश्री के ससंघ सानिध्य में अभिनंदनोदय तीर्थ पर कलशाभिषेक का आयोजन किया है जिसमें धर्मालु जनो से सम्मलित होने का आग्रह किया। अभिनंदनोदय तीर्थ में मुनि सुदत्त सागर महाराज एवं मुनि पदमदत्त सागर महाराज के सानिध्य में भावकों ने पर्वराज पर्युषण पर्व पर प्रभु अभिषेक शान्तिधारा की इस दौरान कहा आकिंचन धर्म ही हमें शाश्वत शरण है जिसे समझकर इसी में रमने और जमने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होने जीवन में शान्ति के लिए धर्म की ओर जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पर्यूषण पर्व पर नगर के प्रमुख मंदिर अभिनंदनोदय तीर्थ, जैन अटामंदिर, आदिनाथ बड़ा मंदिर, पार्श्वनाथ नया मंदिर, आदिनाथ मंदिर गांधीनगर, चन्द्राप्रभू मंदिर डोडाघाट, शान्तिनगर मंदिर गांधीनगर, इलाइट जैन मंदिर, सिविल लाइन, वाहुवलिनगर पार्श्वनाथ कालौनी एन्ड्रोशिया कालौनी में पहुंचकर प्रातःकाल से मंदिर पूजन अभिषेक के साथ पुर्णाजन कर रहे हैं। पर्यूषण पर्व पर नगर के जैन मंदिरों में बालक वालिका मण्डल ने आकर्षक झांकी लगाई जो आकर्षण का केन्द्र रही श्रद्धालु झांकियां देखकर बच्चों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# ललित नगरी की मिट्टी में खेले और बड़े हुए डॉ. अशुतोष को मिला वैश्विक सम्मान

## ललितपुर जिले का नाम विश्व पटल पर फिर गौरवान्वित



शिक्षा दिवस पर विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

यूरोप के हंगरी देश की प्रख्यात यूनिवर्सिटी में डा.आशुतोष शर्मा को वैश्विक सम्मान ग्लोबल थॉट लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान से ललितपुर जिले का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है। बताते चलें कि डा.आशुतोष शर्मा जिले के मूर्धन्य पत्रकार स्व. पं.रूद्रनारायण शर्मा लल्लाजी के प्रपौत्र और वरिष्ठ पत्रकार पं.सुनील शर्मा के सुपुत हैं। हंगरी की राजधानी से डा.आशुतोष शर्मा द्वारा भेजे गये संदेश में उन्होंने बताया कि उन्हें गर्व है कि ग्लोबल थॉट लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जो ऊर्जा, जल, भोजन, जलवायु नेक्सस में मेरे योगदान और वैश्विक नेतृत्व को मान्यता प्रदान करता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान मुझे यूनिवर्सिटी ऑफ मिसकॉले हंगरी में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार मुझे विशेष रूप से मेक्सिको में पिछले 20 वर्षों के मेरे शोध उपलब्धियों और नेतृत्व, विशेषकर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर (स्थायी कृषि) और एग्रो बायोटेक्नोलॉजी में किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इसी क्रम में, उन्हें तथा विश्व-प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डा.अत्तिला हॉस यूनिवर्सिटी ऑफ डिब्रेसन हंगरी को यूनिवर्सिटी ऑफ एएम फ्लोरिडा द्वारा मानद प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया है। यहाँ हम आने वाले समय में युवाओं और वैज्ञानिकों को प्रशिक्षित करने तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। संदेश में आगे कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उनके परिवार, सहयोगियों, मार्गदर्शकों और उन सभी संस्थानों का भी है, जिनसे मुझे सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिला।

# जीएसटी दरें घटने पर व्यापारियों ने जताई खुशी

## जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा की अध्यक्षता में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई ने किया। जीएसटी की दरे एवं स्लैब कम करने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने संयुक्त रूप से कहा केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जीएसटी के स्लैब एवं दर कम करने से आम जनता को भारी राहत मिलेगी। उद्यमी और व्यापारियों को अपना व्यापार करने में आसानी होगी, इस हेतु प्रदेश के ढाई करोड़ व्यापारियों की ओर से आभार प्रकट करते हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया परिवर्तित जीएसटी की दरें 22 सितंबर नवरात्रि के दिन से देश में लागू हो जाएंगे जीएसटी का स्लैब ओर दरो में राहत देने से लगभग 250 से अधिक वस्तुएं सस्ती होगी। जिला महामंत्री ने कहा दो स्लैब के अलावा वित्तमंत्री ने तीसरा स्लैब भी रखा है जिसमें फास्ट फूड, पान मसाला, सिगरेट, गुटका, तंबाकू आदि के उत्पाद युक्त पेय पदार्थ फलों के रस गैर अल्कोहलिक पेय आदि वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दरे की गई है, वे आम जनमानस के उपयोग में नहीं आती हैं। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरवास, प्रदेश उपाध्यक्ष गल्ला मंडी अध्यक्ष जयकुमार महोली, प्रदेश मंत्री अजित खजुरिया, संतोष इमलिया, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल गुप्ता, प्रदेश युवा मंत्री अजय सोनी, मंडल अध्यक्ष अंकुर सिंघई, मंडल महामंत्री सुभाष जायसवाल, राजू सिंधी, नवनीत किलेदार, नगर महामंत्री समित समैया, नगर संयोजक मंगू पहलवान, जिला मंत्री सुबोध गोस्वामी, राघवेंद्र राजा, रवि चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कलेक्ट्रेट चौराहा पर किया पुतला दहन, जोरदार नारेबाजी

# अभाविप ने लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा चार सूत्रीय मांग पत्र

श्रीरामस्वरूप विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के शान्तिपूर्ण आंदोलन पर बाहरी गुण्डों द्वारा हमला कराये जाने, पुलिस द्वारा बर्बरता से लाठीचार्ज और विश्वविद्यालय में विधि पाठयक्रम के अवैध संचालन समेत अनियमित्ताओं को रोके जाने की मांग उठाते हुये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहा पर प्रदर्शन किया।

जोरदार नारेबाजी करते हुये पुतला दहन किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि श्रीरामस्वरूप विश्वविद्यालय में विधि विद्यार्थियों के न्याय के लिए संघर्षरत अभाविप व विद्यार्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय अमानवीय हैं। मानक विहीन नवीनीकरण के बगैर चल रहे विधि पाठ्यक्रम के कारण विद्यार्थियों के साथ अन्याय किया जा रहा था। बुधवार को ही बार काउंसिल ऑफ इण्डिया की सशर्त (प्रोविजनल) विश्वविद्यालय को प्राप्त हुयी है, जो सत्य का प्रत्यक्षीकरण है कि पाठ्यक्रम अवैध रूप से संचालित था। इस घटनाक्रम पर आज पूरे प्रदेश के जिला केन्द्रों पर प्रदर्शन तय हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विद्यार्थियों की तमाम समस्याओं के निस्तारण की मांग उठायी। अभाविप ने चार सूत्रीय मांगों का एक पत्र भी मुख्यमंत्री को भेजा। अभाविप ने मांग उठायी कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका का निर्वाह्न करते हुये उक्त विषयों पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर अगले 48 घण्टों में कार्यवाही की जाये। अन्यथा की स्थिति में अभाविप प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को तैयार रहेगी। ज्ञापन देते समय निधि राजपूत, शिवानी राजा, विकास झां, साहिल गौतम, कुलदीप द्विवेदी, विशाल नामदेव, अमर कौशिक, शिवम खटीक, शैलेन्द्र परिहार, नवदीप संज्ञा, धनन्जय दुबे, अभय राजपूत, अनुज शर्मा, गुडडू चंदेल के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## खेल या फिर अनदेखी...

# कंपनी के मनमाने बिलों से कब मिलेगी उपभोक्ता को मुक्ति?

**ललितपुर**। विद्युत विभाग अपनी मनमानियों के कारण पहले ही काफी बदनाम है, जहां एक ओर विद्युत विभाग इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाकर गलत रीडिंग देकर मनमानी कर रहा है। तो वही दूसरी ओर बगैर रीडिंग लिए मनमाने तरीके से बिलों को मोबाइल पर संदेश के रूप में भेज रहा है। ज्ञात हो कि विद्युत विभाग में एक दुकान का संयोजन संख्या 8155079352 का बिल रुपए 15143 भेज दिया है, जिसकी मीटर रीडर द्वारा रीडिंग नहीं ली गई है और ना ही मौके पर बिल दिया है। विद्युत विभाग अपने मनमानी तरीके से रीडिंग भेज कर उपभोक्ता का उत्पीडऩ कर दलाली प्रथा को बढ़ावा दे रहा है और उपभोक्ता विभाग के चक्कर लगाकर परेशान है। कुछ उपभोक्ताओ की रीडिंग तो लाखों में दे दी जाती है और लोग दलाली के चक्कर में फंसकर हजारों रुपए बर्बाद कर देते है। विगत दिनों अधीक्षण अभियंता राजीव कालरा ने उपभोक्ताओं की समस्या सुनकर विभाग की छवि सुधारने का काम किया, उनके सेवानिवृत्त होते ही विद्युत विभाग अपने मनमानी और पुराने ढर्रे पर फिर चल पड़ा है। विद्युत विभाग ही उपभोक्ताओं के शोषण के लिए जिम्मेदार है। वह चाहे आर्थिक शोषण हो या मानसिक रूप से शोषण हो विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद कोई सुनने वाला जिम्मेदार अधिकारी नहीं है, जो नियमानुसार उपभोक्ताओं के काम को निपटा सके।

# कानपुर जोन आईजीआरएस के तहत ललितपुर को प्रदेश में 13वां पायदान

## शिकायत निस्तारण को लेकर में अब्बल ललितपुर पुलिस

**ललितपुर**। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में ललितपुर पुलिस को माह अगस्त-2025 की रैंकिंग में प्रदेश में 13वां स्थान व कानपुर जोन, कानपुर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

इसके साथ-साथ ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया। जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 09 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन, मेहनत व समर्पण से कार्य करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा निकट भविष्य में इसी प्रकार पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**इन थानों को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान:** आईजीआरएस में प्रदेशीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ललितपुर के थानों में थाना बार, थाना पाली, थाना जाखलौन, थाना महरौनी, थाना मड़ावरा, महिला थाना ललितपुर, थाना बालाबेहट, थाना मदनपुर, थाना बानपुर शामिल रहे।

**आईजीआरएस टीम में यह रहे शामिल :** आईजीआरएस पुलिस टीम में उ.नि. राजकिशोर मिश्रा प्रभारी आईजीआरएस सेल, मुख्य आरक्षी दीपक कुमार, महिला कां.सोनम गोयल, कां. गौरव शर्मा, कां. आशीष वर्मा, म.का. पल्लवी शामिल रहीं।

## अवैध खनन का परिवहन कर रहा था डंफर

# जनपद में चल रहा अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिले में अवैध खनन रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जिला प्रशासन व पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद भी अवैध खनन और परिचालन किया जा रहा है। इस प्रकार के अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही जारी है। इसी के तहत अवैध खनन का परिवहन कर रहे डम्फर को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ललितपुर-सागर हाई-वे 24 पर ग्राम भैंसाई के पास वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान एक डम्फर संख्या यू.पी.92 ए.टी.1501 बिना वैध प्रपत्र के मिला, जिस पर महकमें द्वारा ऑनलाइन चालान कर तेरई फाटक चौकी में पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। डम्फर चालक को तेरई फाटक अभिषेक यादव बताया। अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम व एसपी को दिया गया ज्ञापन

# शहीदी दिवस पर 13 को आएगी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक को दिया गया, जिसमें श्रीगुरुतेग बहादुरजी के 350 वें शहीदी दिवस को समर्पित असाम के धोबड़ी साहिब गुरुद्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा (नगर कीर्तन) ललितपुर में 13 सितंबर दिन शनिवार को आ रही है, जिसका की समापन आनंदपुर साहिब पंजाब में होना है। यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होती हुई ललितपुर पहुंच रही है। जिसका की स्वागत ललितपुर बाईपास गोविंद सागर डैम के पास सरदार परमजीत सिंह छतवाल के शोरूम पर किया जाएगा। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था एवं मार्ग की साफ सफाई व्यवस्था हेतु व ट्रैफिक व्यवस्था एवं पर्याप्त महिला व पुरुष पुलिस बल व्यवस्था कराए जाने हेतु ज्ञापन डीएम-एसपी को दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, सतनाम सिंह भाटिया आदि मौजूद रहे।

# मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर**। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम अंधियारी में रहने वाली सेवकुंवर पत्नी खुशीलाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 29 अगस्त को रात करीब 8 बजे उसकी सास रतिबाई पत्नी रम्भा कुशवाहा जो वंशी पुत्र रम्भा कुशवाहा के घर बैठी थी। तभी उसने अपनी सास को घर आने के लिए बुलाया। इसी बात को लेकर वंशी ने उसे गालियां दी और विरोध करने पर लाठी-डण्डा से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल होने पर आरती पत्नी देवेन्द्र कुशवाहा ने उसे बचाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# शिक्षकों का समाजवादी शिक्षा रत्न से सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्टेशन रोड स्थित समाजवादी पार्टी पर देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं दार्शनिक डा.सर्वपल्ली राधा कृष्णनजी की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। गोष्ठी में पांच सेवानिवृत शिक्षकों को समाजवादी शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में सुमित्रा यादव, अख्तर खान, मुरलीधर यादव, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा शामिल रहे।

गोष्ठी में सभी ने शिक्षकों के द्वारा देश निर्माण में योगदान को सराहा। शिक्षा ही जीवन का आधार है। यह बताया शिक्षकों का सम्मान सभी को करना चाहिए। यह बातें सभी अतिथियों ने रखी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि ज्योति सिंह लोधी, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा विजय सिंह यादव ने की। संचालन महासचिव डा.महेश कुमार झा ने किया। कार्यक्रम में भजनलाल कुशवाहा, रामलखन सिंह, संतोष कुमार सेन, राजकुमार साहू, कैलाश अहिरवार, चरणसिंह रजक, निशा अहिरवार, नीलम रैकवार, वंदना, वर्षा झा, जमुनाप्रसाद रैकवार, अनुजसिंह लोधी, पुष्पेंद्र यादव, सुरभि तोमर, श्वेता, शीलू, रानी, प्रिया, सूरज, पूजा, बबलू राजपूत, प्रमोद यादव एवं सभी समाजवादी कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

# नियम विरुद्ध हुई अनुकंपा नियुक्ति पर नपे दीपक बाबू

## प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर हुई कार्रवाई




**ब्यावरा।** बार्डबाय के पद पर नियम विरूद्ध की गई अनुकम्पा नियुक्ति के चलते सहायक ग्रेड-2 स्थापना शाखा के बाबू दीपक विजयवर्गीय को प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। दीपक विजयवर्गीय को स्थापना से तत्काल हटाकर अन्य कार्य आवंटित करने का आदेश क्षेत्रीय संचालक द्वारा जारी किया गया है। हरीभूमि ने दिलीप सोलंकी की गलत नियुक्ति का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग में सेवारत केशरसिंह की सेवा में रहते हुए 22 जनवरी 2009 में मृत्यू हो जाने के बाद उनके पुत्र दिलीप सिंह की नियुक्ति 25 मई 2016 को जीएनएमटीसी राजगढ़ में बार्डबाय के पद पर की गई। इसमें हैरत की बात तो यह है कि जीएनएमटीसी में बार्डबाय का पद स्वीकृत ही नहीं था फिर कैसे नियुक्ति हो गई? जबकि शासन के स्वीकृत आदेश 16 जुलाई 2014 में संस्था में भृत्य के पद जरूर स्वीकृत थे जिस पर नियुक्ति हो सकती थी परंतु जानबूझकर बाबू दीपक विजयवर्गीय द्वारा बार्डबाय की नियुक्ति क्यों दी गई यह जांच का विषय था। हालांकि इसकी शिकायत संबंधित ने विभाग के उच्च अधिकारियों सहित कमिश्नर तक कई बार पहुंचाई गई तब कहीं जाकर

### गणित विषय को सरल बनाने शिक्षक ने किया क्विज का निर्माण, जिले भर के सरकारी स्कूलों में किया जा रहा उपयोग

# बेटियों को शिक्षित किया तो बदल गई गांव की तस्वीर, 18 वर्षों से रुका बेटियों का बाल विवाह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शिक्षक की ऊर्जा शिक्षा के रूप में जब स्थानीय ग्रामवासियों एवं स्कूल के विद्यार्थीयों तक सही रूप में पहुंचने लगे तो वह कई तरह से बदलाव का रूप लेती है और गांवों में वर्षों से चले आ रहे रूढीवादी विचारों पर भारी पडने लगती है। कुछ ऐसा ही हुआ है विकास खण्ड राजगढ के शासकीय स्कूल पाडल्याखेडी मे जहां 18 वर्षों से कार्यरत शिक्षक मुकेश नागर ने न केवल स्कूल की तस्वीर बदली दी बल्कि गांव में चली आ रही बच्चियों के बाल विवाह जैसी कुरीती पर भी रोक लगाने में सफलता पाई है। पिछले 18 सालों में यहां से किसी बेटी का बाल विवाह नहीं हुआ इस पर शिक्षक मुकेश बताते है कि यह स्थितियां पहले बिल्कुल विपरीत थी इनमें 2007 के बाद से धीरे धीरे बदलाव संभव हुआ है। हमने ग्रामीणों को पहले बच्चों को शिक्षित करने के बारे में समझाया खासकर बेटियों को। इसमें कई बार हमें परेशानियों का सामना भी करना पडा परंतु अंततः आज हमें गर्व है हमारे शासकीय स्कूल की बेटियां शत-प्रतिशत पढाई कर अपने भविष्य का निर्माण कर रही है। आज ग्रामीण अपनी बेटियों पर गर्व करते है और इसका श्रेय शिक्षक नागर को देते है। जिन्होने ग्रामीणों को एक नई दिशा दी।

### विद्यार्थियों की समस्या को सरल करने बनाया गणित क्विज

*जहां शिक्षक नागर ने एक ओर सामाजिक बदलाव के लिए पहल की वहीं गणित संकाय में एमएससी होने के कारण उन्होने 10वी कक्षा के विद्यार्थीयों के लिए गणित का क्विज प्रोग्रारम बना डाला,जिसमें विद्यार्थीयों को प्रत्येक चेपटर व बोर्ड में अंको के विवरण सहित ऑव्जेक्वि प्रश्न तैयार किए गए है जो हमेशा अपडेट होते रहते है। इससे जहां शासकीय हाईस्कूल पाडल्याखेडी के विद्यार्थीयों को लाभ मिल रहा है वहीं जिले भर के कई सरकारी स्कूलों ने इस क्विज से विद्यार्थीयों को समझाया जा रहा है जिसे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी सराहा है।*

### सीएमएचओ ने अधीनस्थों को प्रदान किए आवश्यक दिशा निर्देश

# प्रसूती विंग के औचक निरीक्षण में सीएमएचओ को मिली कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने गुरुवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना।

निरीक्षण के दौरान मेटरनिटी वार्ड में पहुंचीं सीएमएचओ ने प्रत्येक मरीज की केस शीट देखी और उन्हें दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। डीपीएम शिखा सरावगी ने महिलाओं के टीकाकरण कार्ड में पाई गई कमियों पर संबंधित कर्मचारी को तुरंत बुलाया। इसके अलावा एक गर्भवती महिला का 8 महीने तक पंजीयन नहीं होने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने कहा कि



ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. पटेल ने भर्ती मरीजों से उनके उपचार और देखभाल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से कहा कि यदि कोई कर्मचारी पैसे की मांग करता है तो इसकी शिकायत तुरंत उच्च अधिकारियों से की जा सकती है।

### अधीनस्थों को दिए आवश्यक निर्देश

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मरीजों के साथ मधुर और सहयोगात्मक रवैया अपनाएं। डॉ. पटेल ने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज के साथ-साथ भावनात्मक सहयोग भी मिलना चाहिए। यह निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर आरएमओ डॉ अमित कोहली, डॉ मनीषा मित्तल और स्वास्थ कर्मचारी मौजूद थे।

# सीमेंट सप्लाई के नाम पर राजगढ़ के ठेकेदार से पौने 2 लाख की ठगी

## पीड़ित ठेकेदार ने कोतवाली थाने में दर्ज करवाई शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सायबर ठगों से सावधान रहने की लाख समझाईस एवं जागरुकता के बाद भी लोग बदमाशों के झांसे में आकर लाखों रुपए गवां रहे हैं।

ताजा मामले में राजगढ़ के एक ठेकेदार से सीमेंट सप्लाई के नाम पर एक कंपनी द्वारा 1 लाख 66 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। जब ठेकेदार को माल नहीं मिला और उसने बैंक जाकर संपर्क किया तो मालूम हुआ कि जिस खाते में राशि ट्रांसफर हुई है वो किसी कंपनी का नहीं बल्कि निजी व्यक्ति का खाता था जिसमें अब जीरो बेलेंस नजर आ रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

राजगढ़ के ए-क्लास कांटेक्टर संजय विजयवर्गीय नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण कार्य कर रहे हैं। सीमेंट की आवश्यकता लगने पर श्री विजयवर्गीय ने गूगल पर मायसेम सीमेंट सर्च करके एक नंबर लिया। उस नंबर पर बात करने पर कॉल रिसीव करने वाले ने कहा कि आपके पास डिस्ट्रीब्यूटर का फोन आएगा, उन्हें पूरी डिटेल बता दीजिएगा। कुछ समय बाद एक अन्य नंबर से कॉल आया जिस पर ठेकेदार विजयवर्गीय ने बात करते हुए सीमेंट के 640 बैग का आर्डर देकर सामने वाले द्वारा बताए गए बैंक एकाउन्ट में 1 लाख 66 हजार 400 रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। राशि भेजने के बाद भी जब माल की डिलेवरी नहीं हुई तो श्री विजयवर्गीय ने पुनः उसी नंबर पर संपर्क किया तो उधर से जवाब आया कि आपको सीमेंट के 360 बैग और आर्डर करके पेमेंट करना होगा तब माल मिल पाएगा। अब श्री विजयवर्गीय को अपनी साथ हुई धोखाघड़ी का आभार हुआ। उन्होंने जब जाकर पता किया तो मालूम हुआ कि जिस खाते में राशि जारी की गई वह मायसेम कंपनी नहीं बल्कि किसी दरोगा मांझी के नाम का खाता है, जिसमें बेलेंस शून्य है। सायबर ठग के हाथों लुटे-पिटे विजयवर्गीय ने कोतवाली थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई है।

# झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



चाचौड़ा थाना क्षेत्र में झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। आरोप है कि थाना परिसर के पीछे रहने वाले आरक्षक ने उसे पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी, जिसके बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांचौड़ा थाना क्षेत्र में हुए इस जघन्य घटना में पीड़ित चंदन गुर्जर, निवासी ग्राम कुलंबेह, ने बताया था कि कुछ माह पहले उसके मित्र मांगीलाल गुर्जर ने लंकेश वामन नामक व्यक्ति से सोना खरीदा था, जो बाद में नकली निकला। इसके बाद उसके विजय सुरेन्द्र भील नामक आरक्षक से संपर्क हुआ, जिन्होंने कार्रवाई का भरोसा देकर एक लाख रुपये मांगे। चंदन ने गेहूं बेचकर वह राशि दी, लेकिन न तो पैसे वापस मिले और न ही कोई कार्रवाई हुई। रविवार को जब वह पैसे मांगने सुरेन्द्र के घर पहुंचा, तो विवाद बढ़ा ।उसने आरोप लगाया कि सुरेन्द्र ने पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी। इस दौरान सुरेन्द्र का बेटा उसे रोक रहा था। इसके बाद उसे जिला अस्पताल और अंततः भोपाल के अस्पताल रेफर किया गया। चार दिनों तक जीवन-मौत के बीच रहने के बाद गुरुवार तड़के उसकी मौत हो गई।

### धर्म को बचाने के लिए अपने पुत्र को भी शेर को डाल दिया था

**ब्यावरा।** शहर के गणेश मंदिर कृषि उपज गल्ला मंडी प्रांगण पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठवें दिन पंडित सतीश नागर ने कथा में राजा मोरध्वज का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन के साथ मिलकर राजा मोरध्वज की परीक्षा लेने के लिए उनके राज्य में पहुंचे। जहां उन्हें धर्म संकट में डालकर ऐसी कठिन परीक्षा ली जिसमें हर मानव के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण और यमराज ने शहर का रूप धारण कर जब राजा मोरध्वज के राज में पहुंचे और वहां पुत्र में दान में मांगा तब पुत्र ने स्वयं आकर पिता से बोला कि जब आप अपने धर्म के लिए इतना कुछ करते हो तुम मेरी चिंता क्यों करते हो मुझे आप दान में दे दीजिए और शेर को डाल दीजिए तब राजा मोरध्वज और उसकी पत्नी ने मिलकर पुत्र को आरा चीर कर यमराज बने शेर के आगे डाल दिया।

# शिक्षकों के भुगतानों, समस्याओं को लेकर डीईओ ने जारी किया आदेश

## सभी डीडीओ को आदेश का पालन करने के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के शिक्षक संवर्ग से जुड़े कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, अनुकंपा प्रकरण सहित अन्य लंबित भुगतानों की मांग पर जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने जिले के समस्त ब्लॉक शिक्षाधिकारी एवं डीडीओ(आहरण संवितरण अधिकारी) को कार्यवाही करते हुए भुगतान सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रसारित किए हैं।

जारी आदेश के तहत सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान के प्रस्ताव बनाकर भेजने डीईओ कार्यालय भेजने का लेख है ताकि प्रस्तावों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं एनपीएस कटौत्रा की मिसिंग राशि का निराकरण कर मिसिंग क्रेडिट कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शिक्षकों के समस्त प्रकार के बकाया भुगतान करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जारी आदेश में उल्लेख है कि जिला कलेक्टर द्वारा स्वयं शिक्षकों से जुड़े उक्त मामलों एवं समस्याओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। ऐसे में इस कार्य में कोताही न बरतते हुए अविलंब प्रकरण बनाकर भेजे जाएं।

### आदेश में अटेचमेंट निरस्ती का भी उल्लेख

पूर्व में जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें उनकी मूल संस्था में भेजने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद न केवल राजगढ़ बल्कि समस्त ब्लॉकों में अनेकों शिक्षक मूल संस्था की बजाय अटैच स्थानों पर कार्य कर रहे हैं। जिला शिक्षाधिकारी ने पुनः स्मरण करवाया है कि अटेचमेंट संबंधी उक्त आदेश का अक्षरक्षः पालन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### जिंदगी और मौत की जंग जारी

# मासूम हुआ सर्पदंश का शिकार शिक्षकों ने की आर्थिक मदद



**ब्यावरा।** सरिया कुआं जन शिक्षा केंद्र के प्राथमिक विद्यालय सांदीपनि में कक्षा पहली में अध्यनरत छात्र को कक्षा में अध्यापन करते समय सांप द्वारा डंस लिया गया है जिनकी स्थिति बहुत ही नाजुक बनी हुई है जिसको निरोगधाम हॉस्पिटल अकलेरा में हॉस्पिटलाइज्ड किया गया है जो वेंटिलेटर पर है। संबंधित बच्चे के पारिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है इस हेतु सहयोग हेतु समस्त जन शिक्षक साथी और समस्त शिक्षक गणों तत्काल उसे आर्थिक सहायता पहुंचाई है। साथ ही गांव में लोगों ने भी मासूम बच्चे की सलामती के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया है साथ ही लगातार मंदिरों में दुआओं का दौर चल रहा है जिससे मासूम को बचाया जा सके।

### नगर में गणेशोत्सव की धूम

**सुठालिया ।** बीते सप्ताह से शरू हुये गणेशोत्सव के तहत प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की नगर मे अनेको स्थानों पर आकर्षक व मनमोहक प्रतिमाओ की स्थापना की गई हे । गणेशोत्सव के दौरान नगर में करीब दर्जन भर से भी ज्यादा स्थानों पर पंडालो में विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की प्रतिमाये विभिन्न रूपो में विराजित हे जहां प्रतिदिन सायंकाल ढोल नगाड़ो के साथ आरती कर व प्रसादी वितरित की जा रही है।

### धर्माचार्य परसाई ने दी सात दिवसीय साधना की पूर्णाहुति, मांगी विशेष दक्षिणा

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ संपन्न

## *हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा ने जताया श्रद्धालुओं का आभार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर में स्टेडियम में नगर की हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का सात दिवसीय आयोजन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। सातों दिन हजारो श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन 18 से 22 लाख तक शिवलिंग निर्माण कर आयोजन के सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का लक्ष्य पूरा किया । पूज्य धर्माचार्य सोमेश परसाई ने विधिपूर्वक , मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। उन्होंने लोगो को धर्म, भक्ति व सामाजिक जागरण का संदेश दिया। उन्होंने प्रतिदिन श्रद्धालुओं से 'सच्ची दक्षिणा' मांगी। उन्होंने कहा कि भगवान केवल आडंबर से प्रसन्न नहीं होते, बल्कि कर्म और संकल्प से ही शिव कृपा प्राप्त होती है। वही उन्होंने पूजा में प्रदर्शन के बजाए दर्शन होने की बात कही।

इस भव्य धार्मिक आयोजन के पहले दिन उन्होंने श्रद्धालुओं को शिव आराधना हर घर में दीप प्रज्वलन का संकल्प दिलाया। वही अलग-अलग दिनों में उन्होंने पौधरोपण, पर्यावरण सुरक्षा, पवित्र नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने, भ्रूण हत्या के पाप से बचने और दान धर्म की बात कही। अपने धार्मिक संदेशों में भी उन्होने स्वच्छता सहित गोपालन की बातों पर जोर दिया। इस आयोजन के दौरान निरंतर भजन, कीर्तन और प्रवचनों से नगर का वातावरण शिवमय बना रहा। अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से मंगलकामनाएं कीं।

### श्रद्धालुओं का जताया आभार

वही कार्यक्रम के अंत में आयोजक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिये आभार जताया। उन्होंने सभी शासकीय विभागों, सामाजिक संस्थाओं, सभी अलग-अलग समितियां में लगे कार्यकर्ताओं का समय दान देने आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के जन कल्याण के लिए था जो हमेशा होता रहेगा। उन्होंने सभी से हाथ जोड़कर वंदना करते हुए कहा कि वह स्वयं जनता के सुख के लिए हमेशा ऐसे पुनीत कार्य करते रहेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में होंगी बैठक

**गुना।** विकास विभाग जिला गुना द्वारा आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति की बैठक पदेन अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना की अध्यक्षता में विभिन्न दिनांकों में परियोजनावार जिला पंचायत सभागार जिला गुना में आयोजित की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुना अब्दुल गफ्फार ने बताया कि परियोजना गुना शहर एवं परियोजना गुना ग्रामीण अंतर्गत दिनांक 08 सितम्बर को दोपहर 12 बजे, परियोजना बमोरी अंतर्गत 09, परियोजना आरोन अंतर्गत 10, परियोजना चांचौड़ा अंतर्गत 11 तथा परियोजना राघौगढ़ अंतर्गत 12 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागारगुना में जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# हमूसलाधार बारिश होने से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के रास्ते में भरा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

बुधवार को दोपहर बाद शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रूक-रूककर देर रात तक जारी रहा। इस दौरान रात 8 बजे के बाद देर रात तक शहर में दो-तीन घंटे मूसलाधार बारिश हुई। भारी बारिश ने भुजरिया तालाब मंदिर के रास्ते एवं घरों में पानी भर गया श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए महंत श्री राघवेंद्र दास जी महाराज ने नाराजगी व्यक्त की है और मंदिर के मार्ग को सुगम बनाने के लिए जिम्मेदारों का कर्तव्य बोध याद दिलाया है । वहीं भारी बारिश के बीच निचली बस्तियों में एक बार फिर से पानी भरने के कारण लोगों की मुसीबतें बढ़ गई। बीजी रोड कालोनी में कई घरों में अंदर पानी भर गया। वहीं सड़कें घंटों पानी से लवालव भरी रहीं। वहीं बारिश के बीच अधिकांश नदी-नाले उफान पर आने से कई रास्ते ठप्प हुए। हालांकि सुबह बारिश नहीं हुई और धूप निकलने से लोगों को राहत मिली लेकिन नालों का पानी सड़कों से नीचे उतरने बहुत समय लगा।

### जिले में अब तक 1597.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज पिछले 24 घंटे में 107.8 मिमी वर्षा दर्ज

**गुना।** गुना जिले में 01 जून से अब तक 1597.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 151.6 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1006.8 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 04 सितम्बर 2025 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1889.6 मिलीमीटर, बमौरी में 1632.4, आरोन में 1345.0, राघौगढ़ में 1506.0, चांचौड़ा में 1518.0, कुम्भराज में 1591.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 1701.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 107.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 79.7 मिमी., बमोरी में 20.0 मिमी., आरोन में 115.0 मिमी., राघौगढ़ में 151.0 मिमी., चांचौड़ा में 88.0 मिमी., कुंभराज में 209.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 92.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।